वस्तुनिष्ठ प्रश्न :-

प्रश्न 1. नीति निदेशक तत्व भारत के संविधान के किस भाग में दिए गए हैं ?

(अ) भाग एक (ब) भाग दो

(स) भाग चार (द) भाग तीन ( )

प्रश्न 2. नीति निदेशक तत्व किस विचारधारा से सम्बन्धित हैं ?

(अ) गांधीवादी (ब) कार्लमार्क्स

(स) नेहरू (द) पूंजीवादी ( )

प्रश्न 3. राज्य के नीति निदेशक तत्वों का उद्देश्य भारत को कैसा राज्य बनाना है ?

(अ) पुलिस राज्य (ब) कल्याणकारी

(स) अहस्तक्षेपकारी (द) निरंकुश ( )

प्रश्न 4. निदेशक सिद्धांतो का विचार किस देश से लिया गया है ?

(अ) आयरलैण्ड (ब) इग्लैण्ड

(स) जर्मनी (द) जापान ( )

अति लघु उत्तरीय प्रश्न :-

प्रश्न 5. कल्याणकारी राज्य का क्या अर्थ है ?

प्रश्न 6. समाज के दो वर्गो के नाम बताइए जो आज भी पीड़ित है ?

प्रश्न 7. भारतीय संविधान में आर्थिक एवं सामाजिक कल्याण से सम्बन्धित दो विशिष्ट प्रावधान कौन - कौन से है ?

प्रश्न 8. क्या भारत के निदेशक तत्वों को न्यायालय द्वारा लागू किया जा सकता है ?

प्रश्न 9. एक 9 साल का लड़का कम वेतन पर होटल में बर्तन धोता है।तो नीति निदेशक तत्वों के अंतगर्त क्या कदम उठाना चाहिए ?

लघु उत्तरीय प्रश्न :-

प्रश्न 10. सामाजिक और आर्थिक समानता को बढ़ावा देने वाले किन्ही तीन निदेशक सिद्धांतो का उल्लेख कीजिए?

प्रश्न 11. राज्य के नीति निदेशक तत्व मौलिक अधिकारों से कैसे भिन्न हैं ? लिखिए

प्रश्न 12. ऐसे कौन से नीति निदेशक तत्व है जो गांधीवादी विचारधारा को प्रतिबिम्बित करते है ?

प्रश्न 13. अंतर्राष्ट्रीय शान्ति व सुरक्षा से सम्बन्धित किन्ही तीन तत्वों का उल्लेख कीजिए ?

प्रश्न 14. कल्याणकारी राज्य से आप क्या समझते है। संविधान निर्माताओं ने यह निर्णय क्यों किया कि भारत एक कल्याणकारी राज्य होगा ?